nt>

**14.40 hrs.**

## DISCUSSION UNDER RULE 193

Internal Security in the Country -- Contd.

**गृह मंत्री (श्री शिवराज वि. पाटील) :** उपाध्यक्ष महोदय, कल इस सदन में आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा हुई और कल का दिन ऐसा था जब इस सदन पर आतंक वादियों ने तीन साल पहले हमला किया था। इस सदन की और इस सदन में काम करने वाले लोक प्रतिनिधि और अधिकारियों की रक्षा करते हुए इस सदन के कुछ भाइयों ने अपनी जानें गंवायीं। मैं उनकी स्मृति में अपना प्रणाम अर्पित करता हूं। इसी प्रकार देश के अलग-अलग हिस्सों में जो हादसे हुए हैं, उसमें लोगों की जान और माल की हिफाजत करते हुए बहुत सारे सैनिकों ने, अर्द्ध सैनिक दल के लोगों ने और प्रांत के पुलिस कर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। उनकी स्मृति को भी हम अभिवादन करना चाहते हैं।

यह बहुत अच्छी बात है कि इस सदन ने आंतरिक सुरक्षा पर बहस की। जिन भाइयों ने यह बहस शुरू की और इसमें हिस्सा लिया, उनके प्रति भी मैं आभार व्यक्त करना चाहूंगा। यह बहस ऐसी रही जिसमें अपने विचार बड़ी स्पटता से मगर किसी के खिलाफ, किस पक्ष के खिलाफ या किसी व्यक्ति के खिलाफ बोलने के लिए नहीं कहे गये। मेरी दृटि में यहां जो चर्चा हुई, उसका स्तर बहुत ऊंचा था। इसके लिए मैं अपने भाइयों के प्रति, जिन्होंने इस चर्चा में हिस्सा लिया है, आदर की भावना व्यक्त करना चाहूंगा। कुछ भाइयों को बहुत कम वक्त मिला। अगर उनको ज्यादा वक्त मिलता तो शायद वे ज्यादा बोल लेते लेकिन जो थोड़ा बहुत वक्त उन्हें मिला, उस वक्त में उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं जिनको हमें ध्यान में जरूर रखना होगा। उन्हें हम जरूर ध्यान में रखेंगे और आंतरिक सुरक्षा के संबंध में जो नीति बनायी जायेगी, वह इन बातों को ध्यान में रखकर बनायी जायेगी।

यहां कुछ भाइयों ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है, कुछ ने कहा कि यह सुधरी हुई है और कुछ ने कहा कि यह बिगड़ी हुई है। मैं समझता हूं कि ये तीनों विधान गलत नहीं माने जायेंगे। पहला विधान यह था कि स्थिति अच्छी नहीं है, तो उसके खिलाफ हम झगड़ा नहीं करेंगे। अगर आज परिस्थिति अच्छी होती तो हम सब लोगों का समाधान हो जाता। कुछ भाइयों ने कहा कि बिगड़ी हुई है--हां, कुछ प्रांतों में यह जरूर बिगड़ी हुई है और कुछ भाइयों ने कहा कि यह सुधरी हुई है--हां, कुछ प्रांतों में यह जरूर सुधरी हुई है। ये तीनों विधान न तो पूरी तरह से गलत हैं और न पूरी तरह से सही हैं। â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आदरणीय होम मिनिस्टर साहब, आप ही की पार्टी के हैं और आप ही बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)

**श्री शिवराज वि. पाटील :** इस परिस्थिति के जो आंकड़ें हैं, उन्हें मैं बड़े संक्षेप में देना चाहूगा। â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** उन्होंने बोलना बंद किया है तो अब आप बोलना न शुरू कर दें।

...(व्यवधान)

**श्री शिवराज वि. पाटील :** हमने प्रयास किया है कि इन आंकड़ों को चार्ट के रूप में माननीय सदस्यों को दें। अब पूरे आंकड़े देना मुश्किल है इसलिए हमने लिखित रूप में माननीय सदस्यों को कुछ आंकड़े भेजे हैं। वे उसे देखेंगे, मगर कुछ आंकड़े मैं यहां पर जरूर देना चाहूंगा।

जिसकी वजह से जो परिस्थिति है, उसकी स्पटता हमारे सामने आ जाएगी। जम्मू और कश्मीर की क्या हालत है ? हमने कहा कि वहां की हालत सुधरी हुई है और हमारा जो विधान है, उसकी मजबूती के लिए हमने आंकड़े दिये थे। आज भी मैं थोड़े से आंकड़े उस समबंध में देना चाहता हूं। वहां जो घुसपैठ हो रही थी, वह 60 प्रतिशत से कम हुई है। मैं फिर दोहराऊंगा कि वह 60 प्रतिशत से कम हुई है। वहां पर जो घटनाएं हो रही थीं, वह 24 प्रतिशत से कम हुई हैं और वहां पर जो लोग मारे गये हैं, उनकी संख्या 12 प्रतिशत से कम हुई है और इसीलिए हम कह रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर की जो परिस्थिति है, वह सुधरी हुई है। कुछ लोग हमसे पूछते हैं कि इसके सुधरने का क्या कारण है। उसका जवाब यह है कि वहां पर जो फेंस खड़ी हुई हैं, उसकी वजह से घुसपैठियों की संख्या कम हुई है। हमारे सैनिक, अर्धसैनिक और प्रांत की जो पुलिस है, उन्होंने जो काम किया है, उसकी वजह से भी इन घटनाओं की संख्या में कमी हुई है और घटनाओं की संख्या और मृत्यु की संख्या जो घटी है, वह उनकी वजह से हुई है।

इस संबंध में मैं एक बात कहना चाहूंगा और वह यह है कि घटनाओं की संख्या कम हुई है। मुत्यु की संख्या कम हुई है लेकिन इसके बाद भी आतंकवादी दूसरे तरीके से वहां पर आतंकवाद खड़ा कर रहे हैं। एक तरीका ग्रेनेड फेंकने का है। हथियार बंदूक नहीं है लेकिन ग्रेनेड, माइन्स रॉकेट्स वगैरह हैं । हमले राजनीतिज्ञों और पुलिस पर ज्यादा होते हुए नज़र आ रहे हैं। यह वस्तुस्थिति मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं। उत्तर पूर्व के प्रांतों में परिस्थिति क्या है ? उत्तर पूर्व के प्रांतों में परिस्थिति बहुत बिगड़ी हुई है, ऐसा लिखा गया और बोला गया है और उसके लिए कुछ लोगों को दोा दिया गया है। यहां तक कि गालियां दी गई हैं । मगर बड़ी नम्रता से मैं कहना चाहता हूं कि वहां पर परिस्थिति सुधरी हुई है । किस प्रकार से सुधरी हुई है, आंकड़ों के आधार पर हम जान सकते हैं । वहां की घटनाओं की संख्या में 22 प्रतिशत कमी हुई है। वहां के सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु की संख्या 7 प्रतिशत से कम हुई है । और आम आदमियों पर हमला होने की वजह से जो मृत्यु होती थी, उसकी संख्या 26 प्रतिशत से कम हुई है। इसीलिए मैं कहना चाहूंगा कि वहां की परिस्थिति सुधरी हुई है। इसका मतलब पूरी तरह से परिस्थिति काबू में है, पूरी तरह से बेहतर है, ऐसा नहीं कहा जा रहा है। हम कह रहे हैं कि परिस्थिति सुधरी हुई है।

मणिपुर की चर्चा बहुत हुई और कल भी यहां पर एक माननीय सदस्य बोल रहे थे कि मणिपुर जल रहा है। इन दिनों में मणिपुर जला नहीं है। तीन साल पहले जला था मगर मैं उस प्रकार की चर्चा में नहीं जाना चाहता। वहां उस प्रकार की परिस्थिति हो गई। इसलिए मैं किसी को दोा नहीं लगाना चाहता। इस प्रकार की घटना कहीं भी और कभी भी हो सकती है। मैं उसका दोा किसी एक आदमी को या किसी एक सरकार पर नहीं लगाना चाहता। वह परिस्थिति कहीं भी हो सकती है। मगर मणिपुर की परिस्थिति जो हुई है, मैं उनको कहना चाहता हूं कि मणिपुर में जो घटना हुई, उसके बारे में कुछ भाइयों में, अपने लोगों के मन में गुस्सा आया है और उन्होंने उस गुस्से का प्रदर्शन रास्ते पर आकर किया और उन्होंने वहां पर अपने क्षोभ का प्रदर्शन किया।

मगर इसके खिलाफ सरकार ने क्या किया। सरकार ने उन लोगों के खिलाफ गोलियां नहीं चलाईं। सरकार ने उन्हें जेल में नहीं रखा। सरकार ने वहां की प्रदेश सरकार को नहीं हटाया और सरकार ने वहां राट्रपति शासन नहीं लगाया। मगर वहां के भाइयों में गुस्सा था, उनसे बातचीत की । जिन्हें यह कहा गया कि गुनाह हुआ है। उन्हें बताया गया कि उसका दंड मिलेगा और कोर्ट से मिलेगा, लेकिन वह जरूर मिलेगा। ऐसा भी कहा गया कि वहां का कांगला फोर्ट को खोला जायेगा और खोला गया । कुछ लोग कह रहे थे कि स्पेशनल आर्म्ड फोर्स एक्ट में जो प्रोविजन रखे गए हैं, वे ड्रैकोनियन प्रोविजन हैं, शैतानी प्रोविजन हैं। उसे देखने के लिए भी एक कमेटी बनाई गई है। इन सब बातों के आधार पर मैं कहना चाहता हूं कि आज वहां की हालत में अच्छी तरह से सुधार हुआ है।

यहां कई सदस्यों द्वारा कहा गया कि वह जल रहा है। उसके लिए कुछ लोगों को गालियां दी गईं और कुछ लोगों की क्षमता पर अपने विचार भी प्रकट किए गए। मैं समझता हूं अगर इस प्रकार का काम कहीं होता है, तो उससे आतंकवाद को काबू में रखने में मदद नहीं मिलता । वह तो आग में पेट्रोल डालने जैसा होता है। अगर गलत बात का फैलाव हो जाए, तो उससे डर पैदा होता है। डर पैदा करने के लिए हथियार लाए जाते हैं, किसी निरपराध व्यक्ति पर गोलियां चलाई जाती हैं । डर पैदा करने के लिए अफवाहें भी फैलाई जा सकती हैं। ऐसे भााण भी दिए जा सकते हैं कि दूसरे लोगों के मन में डर की भावना पैदा हो।

एक जमाना था जब कोई घटना होती थी, तो लोगों के मन में डर नहीं रहता था। लेकिन आज का जमाना है कि अगर कहीं कोई घटना होती है तो पांच मिनट के अंदर हम घर में बैठकर उसे देख सकते हैं। उससे डर पैदा हो जाता है । लगता है यह तो मेरे पड़ोस में हो रहा है, मणिपुर में नहीं हो रहा है। इसलिए यह जो टैरर और डर की भावना है, मैं यह नहीं कहता कि इस पर बात नहीं करनी चाहिए या न्यूजपेपर्स या टी.वी. पर नहीं दिखाना चाहिए, सदन में नहीं बोलना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि डर की भावना ऐसे फैलती है। और जब हम कोई गलत बात करते हैं तो डर की भावना और जोर से फैलती नजर आती है।

आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज से हमारे सदन की कार्यवाही का लाइव टैलीकास्ट हो रहा है। हम लोग सदन में क्या करते हैं, यह बात लोगों के घरों तक, दरवाजों तक पहुंचेगी। हम सही बोल रहे हैं या गलत बोल रहे हैं, वे लोग इसे देख सकते हैं, सुन सकते हैं। वे अनुमान लगा सकते हैं कि अपनी नीतियों पर सरकार किस प्रकार से काम कर रही है। किस प्रकार की नीतियां सरकार बना रही है। किस प्रकार का कानून सरकार बना रही है। मैं शिक्षा मंत्री जी से कह रहा था कि यह तो पूरे देश के लिए यूनिवर्सिटी बनाने जैसा हो गया । राजकीय यूनिवर्सिटी जो है, उसके कानून हैं, हमारी संसद क्या कर रही है, हम लोग क्या कर रहे हैं और विरोध पक्ष के लोग क्या कर रहे हैं, यह सब कुछ आज से जनता देखेगी। इसलिए इससे अच्छी बात और नहीं हो सकती। मैं इसके लिए अध्यक्ष महोदय के प्रति, आपके प्रति और राज्य सभा के चेयरमैन साहब के प्रति आदर की भावना व्यक्त करते हुए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि यह मालूमात लोगों में पहुंचना चाहिए। अगर यह नहीं जाएगा, तो उन्हें कैसे पता चलेगा कि हम यहां क्या कर रहे हैं।

मणिपुर के बारे में कुछ बातें कही गई थीं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि मणिपुर की स्थिति सामान्य बनती जा रही है। वहां पर दो दुर्घटनाएं हुई थीं। दो लोगों की मृत्यु उनमें हुई थी। उससे ज्यादा जानें तो अन्य किसी प्रांत में चली जाती हैं। किसी राज्य में 20 तो किसी राज्य में 25 लोगों की मृत्यु तक हो जाती है। मैं किसी दूसरे प्रांत की आलोचना नहीं कर रहा हूं। मैं कोई तुलना भी नहीं कर रहा हूं। मणिपुर हमारा सरहदी राज्य है। वहां के लोग कला प्रेमी हैं, संवेदनशील हैं, देश के प्रति प्र ोम रखने वाले हैं और शांति भी चाहते हैं। वहां जो परिस्थिति पैदा हुई थी, उसको अगर हम गलत रीति से नहीं लेते तो अच्छा होता, ऐसा मुझे लगता है।

अब नक्सलवादी प्रांतों में क्या हो रहा है यह देखें । उस सदन में और इस सदन में भी यह कहा गया है कि नक्सलवादी गतिविधियां कुछ जिलों में बढ़ीं हैं। हां, उन जिलों की संख्या बढ़ी है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन ये गतिविधियां इन पांच महीनों में ही बढ़ी नहीं हैं। सन् 2002 जितनी थीं, उनसे बढ़कर सन् 2003 में हो गयीं और सन् 2003 में जितनी थीं उनसे बढ़कर आज हो गयीं हैं । ये घटनाएं 135 से बढ़कर 140 और 140 से बढ़कर 155 तक गयी हैं। एग्जैक्ट आंकड़ा मैं नहीं बोल रहा हूं लेकिन घटनाएं बढ़ी हैं और इसे हमें ध्यान में रखना होगहै । इसे हम भूला नहीं सकते हैं। नक्सलवादी गतिविधियों की संख्या बढ़ी हैं, लेकिन यहां पर जो हादसे हुए हैं उनमें मृतकों की संख्या कम हुई है और हादसों की संख्या बढ़ी है। नक्सलवाद का बढ़कर अब आंध्र प्रदेश, महाराट्र, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और यूपी में विस्तार हुआ है। इसका हम विशलेक्षण करें तो पता चलता है कि ये गतिविधियां बढ़ रही हैं। ये गतिविधियां न बढ़ें, इसके लिए हमें कदम उठाना जरुरी है। प्रांतों की सरकारों को सहायता देकर कदम उठाना जरुरी हैं । लेकिन केन्द्र भी अपनी जिम्मेदारी को दूसरों पर डालकर चुप नहीं रह सकता है। हम क्या करने जा रहे हैं वह मैं बाद में बताऊंगा। जैसे मणिपुर की चर्चा हुई, उसी प्रकार आंध्र प्रदेश की भी चर्चा हुई। नक्सलवादी प्रांतों के बारे में जब कहा गया तो आंध्र प्रदेश की भी चर्चा हुई। कहा गया कि जब नक्सलवादी गतिविधियां बढ़ रही हैं तब आप नक्सलवादियों से क्यों बातचीत कर रहे हैं। यह पूछा गया यह करने से क्या आपका काम हल्का हो जाएगा या भारी हो जाएगा। यह भी कहा गया कि ऐसा करने से उनको प्रोत्साहन मिलेगा। इस बारे में बड़ी इंट्रेस्टिंग स्टेटेटिक्स हैं। अगर आप नक्सलवाद प्रभावित चार प्रांतों को छोड़ दें, छत्तीसगढ, झारखंड, बिहार और महाराट्र को छोड़ दें तो घटनाएं और मृतकों की संख्या भी दूसरे प्रांतों में कम हुई नजर आती है। आंध्र प्रदेश में बहुत कम हुई नजर आती है । मृतकों की संख्या जो 72 तक गयी थी वह अब केवल 2 पर आई हुई नजर आती है। घटनाओं की संख्या भी जो 52 पर थी वह घटकर कम हुई नजर आती है। आंध्र प्रदेश में बातचीत का सिलसिला जो उन्होंने चलाया है, उसका परिणाम यह हुआ है कि यह संख्या 72 से घटकर 2 तक आ गयी है। हम बातचीत से मसले को हल कर सकते हैं। कुछ लोगों ने बातचीत पर भी एतराज यहां पर जताया है। किसी ने यहां पर यह आरोप भी लगाया कि आप उनको भाई क्यों मान रहे हैं। जो लोग रेप करते हैं, मर्डर करते हैं, उनको आप भाई क्यों मान रहे हैं? हमने इसका उत्तर भी दिया है और मैं फिर बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि जिसको रोटी नहीं मिलती है, रोजगार नहीं मिलता है, घर नहीं है, घरवालों के लिए सहारा नहीं है, जो सहारा उसे चाहिए वह उसे मिलता नहीं है तो ऐसा आदमी गुस्से में आकर हथियार लेकर चला आया हो, उसे दुश्मन मानकर गोली चलाना तो अच्छी बात नहीं है।

ऐसे लोगों को वहां जिस प्रकार से मजबूरी ने पहुंचाया है, उन भाइयों के खिलाफ दुश्मनों जैसा बर्ताव नहीं करना चाहते हैं । हम उन भाइयों को समझाना चाहते हैं कि आप जिस रास्ते पर जा रहे हैं वह सही रास्ता नहीं है। जिन-जिन लोगों ने हथियार हाथ में लिए हैं, मैं उन सब लोगों को कहना चाहता हूँ कि हथियारों की मदद से, खून-खराबे की सहायता से कुछ नहीं मिल सकेगा।

## 15.00 hrs.

**(Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)**

यदि कुछ हासिल हुआ तो वह बहुत कम होगा और उसका कोई अर्थ नहीं होगा । लेकिन चर्चा के रास्ते से या दूसरे किसी, रास्ते से, या सदन के माध्यम से, जो भी काम करेंगे उसमें बहुत कुछ पा सकेंगे। दिल्ली की सरकार और प्रान्तों की सरकार इतनी कमजोर नहीं है कि हथियार या डर की वजह से बातचीत करे। हम डर की वजह से बात नहीं कर रहे हैं। हम अपनेपन की वजह से बात कर रहे हैं। कुछ परिस्थितियां ऐसी हैं जिस की वजह से हम बात कर रहे हैं। जिन्होंने इसके ऊपर चर्चा शुरु की â€¦ (व्यवधान)

**श्री ब्रज किशोर त्रिपाठी (पुरी)** : इस बारे में यूनियन गवर्नमैंट बातचीत नहीं करती है। इसे स्टेट्स के ऊपर छोड़ देती है।

**श्री शिवराज वि पाटील**: आपको मालूम नहीं है, इसलिए ऐसा कह रहे हैं। नागालैंड, मिजोराम और पंजाब में किस ने बातचीत की?

**श्री ब्रज किशोर त्रिपाठी** : मैं नक्सलवाद की समस्या की बात कर रहा हूं। â€¦ (व्यवधान)

**श्री शिवराज वि पाटील**:आप मेरी बात थोड़ी शांति से सुनिए। मैं आपके प्रश्नों का अंत में जवाब दे दूंगा। आप उन्हें लिख कर रख लें। मैं जो कुछ बोल रहा हूं, आप उसमें व्यवधान न डालें। बातचीत का जो मार्ग और दिशा है, वह गलत नहीं है। हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि मिजोराम में राजीव गांधी जी के जमाने में बातचीत हुई। वहां उस समय कांग्रेसी मुख्यमंत्री श्री ललथनवाला थे। उनको अपना पद छोड़ने के लिए कहा गया था। उसके बाद श्री लालडेंगा वहां के मुख्यमंत्री बने। वहां चुना व हुए और लालडेंगा जी की पार्टी हार गई। आज मिजोराम में पूरी शांति है। यहां श्री अर्जुन सिंह जी बैठे हैं जो एक वरिठ मंत्री हैं। उन्होंने पंजाब में बातचीत शुरू की थी । पंजाब के अन्दर हथियारों का उपयोग किया गया या नहीं किया गया?अर्द्ध सैनिक बलों ने वहां बड़ी बहादुरी से काम किया लेकिन हमने बातचीत की। श्री राजीव

गांधी जी के प्रोत्साहन से राजीव-लोंगोवाल समझौता हुआ। अर्जुन सिंह जी और राजीव जी ने मिल कर वहां शांति स्थापित की। आज पंजाब में स्थिति सुधरी हुई नजर आ रही है। बातचीत का रास्ता गलत रास्ता नहीं है, कमजोरी का रास्ता नहीं है। सरकार हथियार उठाने का काम कभी भी कर सकती है। उसके बाद शक्ति का कोई आधार नहीं है लेकिन हमारे ख्याल में हथियार द्वारा लोगों पर गोली चला कर और खून बहा कर काम करना ठीक नहीं है। हमारा विचार है कि बातचीत की शक्ति हथियार की शक्ति से ज्यादा है। मैं फिर बताना चाहता हूं कि नागालैंड में भी बातचीत की गई। इस कारण वहां सात साल से शांति है। वहां एक दिन से नहीं, सात साल से शांति है। जिन्होंने पहले बातचीत की. वे अभी फिर बातचीत करने के लिए यहां आए हैं जिस का हम स्वागत करते हैं। हमें यह बात अच्छी लगती है। देखते हैं कि क्या अमल में आता है । लेकिन हमारा प्रयास यही रहेगा कि वहां शांति रहे। बातचीत का रास्ता पराया रास्ता नहीं है, वह लोकतंत्र का रास्ता है। हम किसी को भाई समझते हैं, किसी को घर वाला समझते हैं लेकिन आप यहां उठ कर पूछते हैं कि उन्हें कैसे भाई समझते हैं? We are the chips off the same block. कौन कहता है कि हम एक दूसरे के भाई नहीं हैं। अंत में हम एक दूसरे के भाई हैं। अगर कोई गलत रास्ते पर जा रहा है तो उसे सही रास्ते में लाने का प्रयास, उनके घर वालों को करना पड़ेगा, उनके पड़ोसियों को करना पड़ेगा, सरकार को करना पड़ेगा, समाज को करना पड़ेगा। समाज की उन्नति और शांति के लिए उनको सही रास्ते पर लाकर काम करना पड़ेगा। इसमें क्या गलती है? हमारे अध्यक्ष जी ने सदन में कहा कि हम बातचीत का रास्ता अख्तियार करेंगे। प्रधान मंत्री जी ने लालकिले से कहा कि हम बातचीत का रास्ता अख्तियार करेंगे। मैंने राज्य सभा में कहा था कि बातचीत का रास्ता हमारे लिए पराया नहीं है। हम उसे अपनाएंगे ।

बातचीत का रास्ता अपनाने का मतलब कोई कमजोरी का लक्षण नहीं है। बातचीत का रास्ता अपनाने का तलब एक समझदारी का रास्ता अपनाना है। हम अपने कर्तव्य से भागना नहीं चाहते हैं। हथियार उठाने का काम जो हमारे भाई कर रहे हैं, और बलिदान कर रहे हैं, इस देश की सुरक्षा के लिए हमारे नेताओं ने जो बलिदान दिये हैं, वे सबको मालूम है। देश के स्वंतत्र होने के बाद अगर सारी लड़ाइयों का हिसाब लगायें तो अब तक छः लड़ाइयां हुई हैं और उनमें से पांच लड़ाइयां हमने जीती हैं। देश की सुरक्षा के लिए हमारे नेताओं ने जो बलिदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। इंदिरा जी का बलिदान, श्री राजीव गांधी जी का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता। वह बलिदान देश की एकता के लिए था, दूसरे किसी कारण के लिए नहीं था। मगर श्री राजीव जी ही ऐसे नेता थे, जिन्होंने बातचीत करके नागालैंड की परिस्थिति सुधारने की कोशिश की, मिजोरम की परिस्थिति सुधारने की कोशिश की और पंजाब की स्थिति सुधारने की कोशिश की। इसे भुलाया नहीं जा सकता। इसलिए हमने जो बातचीत का रास्ता अख्तियार किया है, जो रास्ता हमने अपनाया है, वह ठीक है।

सभापति महोदय, यहां पर अभी माननीय सदस्य खड़े होकर बोले, हालांकि वह बहुत कम देर के लिए बोले, परंतु उन्होंने बहुत अच्छा भाषण किया। उन्होंने कहा "कि बातचीत करनी है तो जरूर कीजिए, मगर बातचीत एहतियात से करो, सावधान रहकर करो। ऐसा न हो कि आप बातचीत में रहें और कोई आपको और देश को धोखा देकर चला जाए।" मैंने उनके कहे हर शब्द को बड़े ध्यान से सुना और हम वही करेंगे। हम अपनेपन से बातचीत करेंगे। जैसे अपने भाई के साथ बातचीत कर रहे हैं, वैसे बातचीत करेंगे। मगर उसके साथ-साथ हम सावधानी को भी नहीं छोड़ेंगे। We will not lower our guard. हमारा गार्ड कभी भी लोअर नहीं किया जायेगा We will not lower our guard. We will keep this vigil all the time. इसमें किसी के मन में कोई शंका नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने यह बात बहुत अच्छे तरीके से कही । तथा अपने अर्थपूर्ण भाषण में जो कुछ कहा, यहां चर्चा करने का मतलब वही है। यहां जो चर्चा हुई है, मैं उसका अर्थ यह निकालता हूं कि यहां एक-दो सदस्यों को छोड़कर, अन्य किसी सदस्य ने यह नहीं कहा कि आपको बातचीत नहीं करनी चाहिए। सारे सदस्यों ने कहा कि बातचीत का रास्ता गलत नहीं है, इसे अख्तियार कीजिए, लेकिन बातचीत संभल कर और सोच-समझकर कीजिए। बातचीत करते समय इस देश की रक्षा का जो आपका दायित्व है, उसमें कोई कमजोरी नहीं होनी चाहिए। इस चीज को ध्यान में रखिये। यह बात माननीय सदस्यों ने सदन में कही है और हम इस बात को कभी भी नहीं भूलेंगे। इस बात को हम ध्यान में रखकर हमेशा आगे चलते जायेंगे।

सभापति महोदय, हमें बड़ी खुशी है कि जिन्होंने इस चर्चा की शुरूआत की, उन्होंने इस चर्चा की मर्यादा को बहुत सीमित नहीं रखा। उन्होंने उसे सही परिप्रेक्ष्य में इस सदन के सामने रखा । उन्होंने कहा कि आतंकवाद से अगर हमें लड़ना है, केवल बंदूक से और हथियारों से नहीं हमें लड़ना है । हमें दूसरी चीजों को भी ध्यान में रखना पड़ेगा और वे दूसरी चीजे हैं - आर्थिक उन्नति, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक समानता। मुझे बड़ी खुशी है कि चर्चा सही दिशा में शुरू हुई और सही दिशा में गई। मैं उन माननीय सदस्यों का अभिनंदन करना चाहूंगा, आज वे यहां उपस्थित नहीं है, शायद किसी मीटिंग में चले गये हैं। फिर भी मैं उनका अभिनंदन करना चाहूंगा कि उन्होंने इस चर्चा को एक सही दिशा दी और उसी दिशा में सारे लोगों ने यहां बातचीत की। हम सदन के सामने आ रहे हैं । और सदन का मत क्या है, हम जानना चाहते हैं। सदन का मत यह रहा कि बातचीत करो। सदन का मत यह रहा कि इस प्रश्न को केवल हथियारों के आधार पर छुड़ाने की कोशिश मत करो। बल्कि आर्थिक उन्नति करो, आर्थिक न्याय करो, सामाजिक उन्नति करो, सामाजिक न्याय करो। इसके साथ ही जो हमारी भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्कृतियां है, उसे ध्यान में रखकर कां करो । उसके बाद अपनी फौज और पुलिस को ताकत दें। हम इस बात को भी नहीं भूलेंगे। मैं समझता हूं कि यह मैनडेट है, जो आपने हमें दिया है और इस मैनडेट को हम ध्यान में रखेंगे।

आर्थिक विकास पर भी आपने सही बात की । और इस बारे में गृह मंत्रालय की तरफ से ज्यादा बोलने की जरूरत मैं महसूस नहीं करता। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि गृह मंत्रालय की ओर से आर्थिक क्षेत्र में क्या काम किया जा रहा है। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि आर्थिक क्षेत्र में पूरी सरकार की तरफ से क्या काम किया जा रहा है।

मैं बहुत संक्षेप में यह भी बताना चाहूँगा कि हमारे प्रांतों की सरकार की ओर से आर्थिक क्षेत्रों में किस प्रकार का काम किया जा रहा है ताकि पता चले कि यह जो बात हमारे सदस्यों ने बताई है उसको हम नज़रअंदाज़ नहीं कर रहे हैं, उसी को ध्यान में रखकर काम कर रहे हैं।

यहां पर बेरोज़गारी का सवाल भी बहुत से माननीय सदस्यों ने उठाया और कहा कि रोज़गार नहीं मिलने के कारण नौजवान आतंकवादी बनते हैं। यह बात सही है। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि कुछ आतंकवादी आइडियोलॉजिस्ट हैं, कुछ आतंकवादी एनार्किस्ट हैं और कुछ आतंकवादी ऑपॉर्चुनिस्ट हैं। जो आइडियोलॉजिस्ट हैं, उनको बदलना मुश्किल है, मगर जिनको काम नहीं मिल रहा है और उस कारण वे आतंकवादी बन रहे हैं, उनको तो काम दिया जा सकता है, सुधारा जा सकता है। जो पैसे के लिए आतंकवादी बन रहे हैं, उनके लिए कुछ दूसरा रास्ता अपनाया जा सकता है। मगर इन लोगों को काम देने के लिए मैं संक्षेप में कहूँगा कि हमने प्रांतों की सरकारों को बताया है कि वह अपने स्टेट्स में कुछ इंडिया रिज़र्व बटालियन खड़ी करें। हर प्रांत को हमने दो-तीन बटालियन खड़ी करने के लिए कहा है और कुछ राज्यों को तो हमने कहा है कि 10-15 बटालियन तक खड़ी कर सकते हैं। एक बटालियन खड़ी करने पर 1000 लोगों को काम दिया जा सकता है और 10 बटालियन खड़ी करने पर 10000 लोगों को काम दिया जा सकता है। हमने कहा है कि ऐसी बटालियन खड़ी करो और जो लोग हथियार लेकर आतंकवादी बन रहे हैं, उनको पुलिस में आने दो, स्टेट पुलिस में आने दो और उनको काम दो। उसके बार हर प्रांत में जो आतंकवाद प्रभावित जिले हैं, उन जिलों के विकास के लिए वहां का इनफ्रास्ट्रक्चर डैवलप करने के लिए हम होम मिनिस्ट्री के द्वारा एक साल में एक जिले के लिए 15 करोड़ रुपये दे रहे हैं और ये तीन साल तक देने का वायदा हमने किया है। 45 करोड़ रुपये एक जिले को हम दे रहे हैं और उनको हमने वायदा किया है। उसके बाद हमारी तरफ से जम्मू-कश्मीर में रेलवे लाइन बिछाने का काम चल रहा है। वहां पर बिजली बनाने के लिए प्रोजैक्ट्स लगाए गए हैं और होम मिनिस्ट्री के द्वारा और डिफैन्स मिनिस्ट्री के द्वारा जहां पर बॉर्डर एरिया है, वहां पर मिनी पावर प्लांट्स बनाने के लिए भी हमने पैसा दिया है। हमारी तरफ से अगर 10-20 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं तो डिफैन्स मिनिस्ट्री की तरफ से भी उतना ही पैसा खर्च किया जा रहा है और मिनी पावर प्लांट्स बनाये जा रहे हैं। बड़े पावर प्लांट्स तो बनाये ही जा रहे हैं जिनमें 1500 मैगावाट तक बिजली का उत्पादन हो सकता है। रेलवे बनाई जा रही है। इसके साथ-साथ नेशनल हाइवेज़ को चौड़ा करने के लिए भी हम पैसा खर्च कर रहे हैं। इन सब कार्यों पर पैसा खर्च कर रहे हैं, काम दे रहे हैं, रेलवे बना रहे हैं, हाईवेज़ बना रहे हैं। उसके बाद मिनी हाइडल पावर प्लांट्स बना रहे हैं। टूरिज़्म के लिए पैसा दे रहे हैं, दूसरे कारखाने बनाने के लिए पैसा दे रहे हैं, फॉरैस्ट डैवलपमैंट के लिए पैसा दे रहे हैं और इस प्रकार से आर्थिक उन्नति का काम कर रहे हैं। प्रधान मंत्री जी ने 14 तारीख को आंध्र प्रदेश में जाकर फूड फॉर वर्क प्रोग्राम शुरू किया है। काम के बदले अनाज स्कीम लोगों को मदद करने का ही एक तरीका है। कुछ दिनों में हम आपके सामने एक कानून

बनाएंगे जो बताएगा कि किस प्रकार से लोगों को रोज़गार दिया जाएगा। रोज़गार देने का कानून हम लाएंगे । महाराट्र में इस प्रकार की एक स्कीम बनी थी। उसके बाद कानून बना था। यहां भी हमने जवाहर रोज़गार योजना बनाई, उसको चलाया और उसी के आधार पर हम एक नया कानून बनाने जा रहे हैं और इस प्रकार से देने जा रहे हैं काम। नक्सलवाद और आतंकवाद कहां है? यह झाड़ी और पहाड़ी के इलाकों में है । जहां पर जंगल हैं, जहां पर पहाड़ हैं, जहां पर बेरोज़गारी है, जहां पर बीमारी है, जहां पर एजुकेशन की व्यवस्था नहीं है । और लोग टीवी पर देख रहे हैं कि दूसरे लोग कैसे जीवन व्यतीत कर रहे हैं और उनको कैसे जीना पड़ रहा है। मैं आपको बताना चाहूँगा कि वहां के हालात सुधारने के लिए हमारी ओर से प्लानिंग कमीशन को यह बताया गया है कि जिन हिस्सों में नक्सलवाद है या आतंकवाद है, उन प्रांतों के लिए आप जितना ज्यादा पैसा दे सकते हैं, दें, ताकि उन् पैसों को उन जिलों में खर्च करके वहां की आर्थिक उन्नति हो सके।

महोदय, प्रान्तों का काम है सड़कें बनाना, बिजली पैदा करना, उसका वितरण करना, स्कूल खोलना, दवाखाने खोलना, खेती के काम में मदद करना, व्यापार के अ वसर पैदा करना। इसके लिए भी हमारी तरफ से और भारत सरकार की तरफ से मदद दी जा रही है। मैं समझता हूं कि उनका यह जो दृटिकोण है वह ठीक नहीं है। आर्थिक तंगी के कारण, आर्थिक कठिनाइयों के कारण अगर हमारे बच्चे गुस्से में आकर कहीं जा रहे हैं, तो हम उन्हें जाने दें, ऐसा नहीं होना चाहिए। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हम आर्थिक नीति ऐसी बनाएं जिससे आर्थिक विकास तेज गति से हो, यह एक मार्ग है।

महोदय, सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय की बात यहां कही गई। इसका भी मैं पूरी तरह से समर्थन करता हूं। हमारा दृटिकोण भी बिलकुल ऐसा ही है। जिन माननीय सदस्य ने चर्चा शुरू की, उन्होंने सामाजिक न्याय देने की बात कही। हमें उनकी यह बात अच्छी लगी। उन्होंने बहुत सही बात कही। हमारे जो नेता थे, उन्होंने भी यही बात कही थी। यही बात हमारे संविधान में भी है। "इक्वैलिटी" और "सोश्यल जस्टिस" की बात हमारे संविधान के प्रीएम्बल में कही गई है। यही बात हमारे संविधान के

डायरैक्टिव प्रिंसीपल्स में कही गई है। इसलिए हमने प्रिवेंशन आफ अनटचेबिलिटी एक्ट शुरू किया। हमने महिलाओं को सामाजिक न्याय देने के लिए ही एक हिन्दू कोड बिल लाया था और हिन्दू सक्सैशन एक्ट जैसा कानून बनाया।

महोदय, मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि हमारी नेता ने हमें कहा है कि हम एक ऐसा कानून बनाएं जो हमारे समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द पैदा करे न कि वैमनस्य। हमारे देश में साम्प्रदायिक सौहार्द हमेशा बना रहे और इस आधार पर हमारे समाज में कोई खलल पैदा न कर पाए। हम आजकल उसी पर काम कर रहे हैं। हमने उसका एक ड्राफ्ट बनाया है। वह पेपर हमने ला मिनिस्ट्री को दिया है। ला मिनिस्ट्री से एप्रूव होने के बाद हम उसे इंटरनैट पर रखेंगे और देश के सारे लोगों की राय मांग कर एक नया ड्राफ्ट सदन में लाएंगे। उसे स्टैंडिंग कमेटी में रखेंगे, जिस पर आप चर्चा कर सकते हैं। हम ऐसा कानून बनाना चाहते हैं जो सदैव रहे। ऐसा न हो कि कोई कानून हम इस साल बना लें उसे अगले साल खत्म करना पड़े। हम सदैव सतत चलने वाला कानून बनाना चाहते हैं। हमारे देश में एवीडेंस एक्ट, क्रिमीनल प्रोसीजर कोड जैसे कानून हैं, जो सैकड़ों वार्ों से चल रहे हैं, वैसा कानून हम इस संबंध में भी बनाना चाहते हैं। उसमें सभी बिन्दुओं को स्पट किया जाएगा और सभी चीजों की परिभााा होगी। उसमें यह भी होगा कि साम्प्रदायिक सौहार्द क्या है, कम्युनल डिस्टरबेंस किसे कहेंगे, कौन इसकी इनवैस्टीगेशन करेंगे। इन वैस्टीगेशन करने के बाद किस प्रकार की शिक्षा दी जाएगी। यह भी बताया जाएगा कि जिन्होंने गुनाह किया है, उन्हें क्या सजा मिलेगी, लेकिन जिसके खिलाफ किया है, उसे मुआवजा भी दिया जाएगा या नहीं । यह भी बताया जाएगा कि जो परिस्थिति निर्मित हुई, वह भवि‍य में न हो, उसके लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। यह सब काम हम आपकी मदद से करेंगे।

महोदय, देश में पहले से कानून हैं, इसलिए हम नए कानून नहीं बनाएं, यह चर्चा भी यहां पर हुई। उस पर थोड़ा दुख हुआ। यहां कहा गया कि बांग्लादेश से कितने लोग आ रहे हैं। किसी ने कहा कि मदरसों में क्या हो रहा है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि ये चिन्ता के वि‍य नहीं हैं। ये चिन्ता के वि‍य हैं, ये प्रश्न हैं, इन पर सोचना पड़ेगा, मगर इनके ऊपर जोर देना और दूसरी किसी बात को टच नहीं करना, ठीक नहीं है। इसका मतलब यह है कि आपके मन में, इस प्रश्न को लेकर, अपना एक दृटिकोण है और उसके सिवाय आप और कुछ न देखते हैं, न सुनते हैं। किसी माननीय सदस्य ने ऐसे व्यवहार को देखकर यहां कहा कि उनका ऐसा नजरिया साम्प्रदायिकता का नजरिया है। वे इसे साम्प्रदायिक चश्मे से देखने का काम करते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो शायद अच्छा होता।

महोदय, स्पीकर साहब ने भी कहा कि बांग्लादेश से कितने लोग आए हैं और कितनों को हमने वापस किया है यह बताएं । अगर बांग्लादेश से लोग आए हैं, तो हम उन्हें जरूर वापस करेंगे।

हम उनमें फर्क करते हैं। जो इन्फिल्ट्रेटर्स हैं, जो हाथ में हथियार लेकर यहां के लोगों की जान और माल का नुकसान पहुंचाने के लिए आने वाले हैं । उनमें और जिन्हें खाने को नहीं मिलता है, रोजगार नहीं मिलता है, यह समझकर आने वाले लोग हैं, उनकी तरफ देखें। इसका मतलब, वे आयें तो हम उनको रहने देंगे, ऐसा नहीं है। इसका मतलब उनकी ओर देखने का हमारा दृटिकोण अलग रहेगा और उनको हम वापस भी कराएंगे । और करवाने के लिए ही कानून बनाया गया है। इसके लिए फॉरेनरस एक्ट बनाया गया है, आई.एम.डी.टी. कानून बनाया गया है, ट्रिब्यूनल्स बनाये गये हैं । और उसके द्वारा ही हम यह काम करेंगे, मैं इतना ही इस संदर्भ में कहना चाहता हूं।

अब सवाल पैदा होता है कि हम हमारी सेनाâ€¦ (व्यवधान)

**श्री सुशील कुमार मोदी (भागलपुर) :** गृह मंत्री जी, जो लोग रोजगार के लिए आये हैं, उनके लिए आप क्या करेंगे, आप कह रहे हैं कि जो लोग रोजगार के लिए आएंगे?â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record except what the Minister is replying.

*(Interruptions)**

*Not Recorded.

**श्री शिवराज वि. पाटील :** मुझे आप डिस्टर्ब मत कीजिए, आप लिखकर रखिये, मैं उसका जवाब देने की कोशिश करूंगा। आपको मेरा जवाब पसन्द आये, नहीं आये, वह अलग बात है। सबसे अहम बात जो है, जिसके ऊपर हमें यहां पर चर्चा करनी है, वह है हमारे सशस्त्र बलों की शक्ति की और संख्या की । यहां का आज का जो काम हो रहा है, वह कैसा हो रहा है। कुछ लोगों ने प्रयास किया कि हमारी जो भूमि है, उसके खिलाफ लड़ाई करके कुछ भूमि लेजा सकेंगे, लेकिन वह नहीं हो सका। जो लड़ाई से नहीं हो सका, वह आतंकवाद से नहीं होगा, मैं इस सदन में खड़ा होकर कहना चाहता हूं। लड़ाई कैसे की जाती है, यह मैंने देखा है और आतंकवाद का मुकाबला कैसे किया जा सकता है, वह भी आज मैं देख रहा हूं और मैं यहां खड़ा होकर कहूंगा कि जो बात लड़ाई से नहीं होगी, वह बात आतंकवाद से भी नहीं होगी। हम कहेंगे कि इस लो इंटेंसिटी वार से हमारी भूमि के ऊपर कोई आंच हम नहीं आने देंगे। इस काम में कौन मदद कर रहे हैं ? इस काम में हमारी सेना मदद कर रही है, बहुत अच्छी तरह से मदद कर रही है। वे सैनिक जो काम करते हैं, जिनका नाम भी हमारे सामने और याद में नहीं रहता, मगर सरहद पर खड़े होकर अपनी छाती के ऊपर गोलियां झेलते हैं और अपने प्राणों का अर्पण करते हैं और बस इतिहास के अंधेरे में गायब हो जाते हैं, वे सैनिक कर रहे हैं। इसके बाद अर्धसैनिक बल यह काम कर रहे हैं, जो पुलिस फोर्स हमारी सैण्ट्रल गवर्नमेंट के पास है, वे कर रहे हैं। तीसरे, हमारे प्रान्त की पुलिस यह काम कर रही है।

किसी एक भाई ने कहा कि पुलिस रिफार्म्स के बारे में बहुत सारी कमेटियां और कमीशंस बिठाये गये हैं, उनकी रिपोर्ट का क्या हुआ, बताओ। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम इसके बारे में क्या करने जा रहे हैं, पुलिस कमीशंस और पुलिस कमेटियां यहां पर निर्मित हुई थीं और उन्होंने रिपोर्ट्स दी थीं। उनके कुछ सजेशंस हैं, उनके ऊपर हमारे पहले की सरकार ने, हम सब लोगों ने कुछ कदम उठाए हैं । जिन पर अमल नहीं हुआ है उस बारे में नई कमेटी बनाने जा रहे हैं। सरकार ने यह तय किया है कि जितनी भी रिपोर्ट्स आई हैं, उनमें जो रिकमेण्डेशंस की गई थीं और जिन रिकमेण्डेशंस पर अमल नहीं किया गया, वे कौन सी रिकमेण्डेशंस हैं, उसे बताएं और उनमें से कितनी रिकमेण्डेशंस पर हम अमल कर सकते हैं, यह बताएं और उन पर तुरन्त हम अमल करना शुरू कर देंगे। जिन रिकमेण्डेशंस पर अमल नहीं कर सकते हैं, हम कहेंगे कि इन रिकमेण्डेशंस पर हम अमल नहीं करेंगे। इस प्रकार से जो पुराना काम पुलिस रिफोर्म्स के लिए हुआ है, उसमें पुलिस का कानून बदलना हो या पुलिस की हायरार्की बदलनी हो, पुलिस का ट्रेनिंग सिस्टम बदलना हो, चाहे पुलिस का रिक्रूटमेंट बदलना हो, पुलिस की फैसिलिटीज के बारे में हो, पुलिस की ट्रेनिंग के बारे में हो, ये सारी चीजें हम देखेंगे और उसके ऊपर अमल करेंगे।

उसके बाद हम एक और कमीशन बिठाएंगे, जो देखेगा कि आज के नये जमाने में किस प्रकार की पुलिस होनी चाहिए। आज के जमाने में पुलिस के सामने किस प्र ाकार की चुनौतियां हैं और उनका सामना वे कैसे करेंगे, देहात में उनको जाकर काम करना पड़ेगा, हमारी कैपीटल्स में जाकर, हमारी राजधानियों में जाकर काम करना पड़ेगा और दूसरे देशों में भी जाकर काम करना पड़ेगा, वे सारे काम किस प्रकास से करेंगे, उन्हें नये गेजेट्स और इक्विपमेंट्स किस प्रकार से दिए जाएंगे, यह सारा विचार करके हमें रिपोर्ट दी जायेगी और उसके ऊपर अमल किया जाएगा । यह काम तुरंत होने वाला काम नहीं है, यह बहुत ही दक्षता से करने वाला काम है। हम यह काम जरूर करेंगे और इसके ऊपर अमल करेंगे । इतना मैं इस सदन में खड़ा होकर आपको बताना चाहता हूं।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने उन भाइयों के लिए क्या किया है।â€¦ (व्यवधान) हमारा दृटिकोण क्या है। सैनिक दल को उपयोग करने की हमारी नीति क्या है, उसे मैं बताना चाहता हूं। आज हम आतंकवाद से लड़ने के लिए सैनिक शक्ति का ज्यादा उपयोग नहीं करते, लेकिन बहुत जगहों पर हमने कभी-कभी उनका उपयोग किया है। इसे हम कम करेंगे। हमारे सैनिक यह काम नहीं करेंगे, पुलिस फोर्स यह काम करेगी, हम ऐसी स्थिति का निर्माण करेंगे। अर्ध-सैनिक बल, जो केन्द्र सरकार के मातहत उनके साथ काम करते हैं, उनकी संख्या बढ़ाएंगे। इसके लिए हम 209 नए बटालियन्स खड़े करने के बारे में विचार कर रहे हैं। 209 बटालियन्स का मतलब दो लाख 90 हजार, करीब-करीब इतनी संख्या पुलिस की बढ़ाएंगे। उसके बाद उनकी ट्रेनिंग का इंतजाम करेंगे। उनके लिए नए प्रकार की ट्रेनिंग होगी। उन्हें सिर्फ पहाड़ और जंगल में जाकर लड़ना नहीं है या गोलियों का सामना ही नहीं करना है, यदि उन्हें ग्रेनेड का सामना करना पड़े, माइन्स का सामना करना पड़े तो वे क्या करेंगे, इस बारे में हम उनको ट्रेनिंग देंगे। उनको उसी प्रकार के हथियार देंगे। आतंकवादियों के हथियार हमारे लोगों से अच्छे हैं । ऐसा नहीं होना चाहिए । अगर हमारी पुलिस का एक भाई बंदूक लेकर जा रहा है और आतंकवादी एके 47 लेकर आ रहा है तो उसकी तुलना नहीं हो सकती। हम इसे कम करने की कोशिश करेंगे और इसमें बदलाव करेंगे।

जिस व्हीकल्स में वे लोग जाते हैं, वे भी उनको अलग प्रकार के देंगे। पुलिस वालों को आर्मर्ड व्हीकल्स देने की कोशिश रहेगी ताकि उनको जंगल में जाने पर या शहर में घूमने में डर नहीं लगे। शहर की लड़ाई और जंगल की लड़ाई बड़ी भयानक होती है। घर बैठकर लड़ाई कुछ करते हैं और रास्ते में रहकर कुछ और करते हैं। ऐसा जंगल में भी होता है। आर्मर्ड व्हीकल्स मिलने के बाद इस प्रकार की कार्यवाही नहीं होगी। इसके बाद हम उनके टेलीकम्युनीकेशन सिस्टम में बहुत मदद करने वाले हैं। देश में एक पोल-नेट क्रिएट करने जा रहे हैं। पोल-नेट का मतलब यहां का हर पुलिस स्टेशन डिस्ट्रिक्ट के एसपी ऑफिस से जुड़ा रहेगा, वह ऑफिस कैपिटल से जुड़ा रहेगा और कैपिटल में पुलिस का ऑफिस देश से जुड़ा रहेगा और जो मालूमात एक क्षण में एक जगह से जहां पहुंचाने हैं, वहां पहुंचाए जाने का इंतजाम होगा। इसके लिए हम पैसा दे रहे हैं। इसके लिए हमने करीब-करीब 4,000 करोड़ रुपये खर्च करने का इरादा कर लिया है। मैं ऐक्ज़ैक्ट फिगर्स नहीं दे रहा हूं, यह 3,700 करोड़ रुपये के करीब है।

